Dainik Jagran, dated 09.11.2020

अंबेडकर विवि की पांचवीं कटऑफ लिस्ट जारी

जागरण संवाददाता नई दिल्ली : अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी) ने शनिवार देर रात अपने कर्मपुरा व कश्मीरी गेट परिसरों में संचालित हो रहे विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों की बची हुई सीटों पर दाखिले के लिए पांचवीं कटऑफ लिस्ट जारी कर दी है। इसमें बीए अंग्रेजी, अर्थशास्त्र और बीबीए की कटऑफ लिस्ट जारी नहीं की गई है। इनकी नौ नवंबर को जारी की जाएगी।

कश्मीरी गेट परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए इतिहास ऑनर्स में 91.25, गणित ऑनर्स में 87.50, मनोविज्ञान ऑनर्स के लिए 96.25 फीसद है। इसके साथ ही समाजशास्त्र की 92.50, सामाजिक विज्ञान और ह्यूमेनिटीज में 92 फीसद है। वहीं कर्मपुरा कैंपस में संचालित पाठ्यक्रमों में बीए कानून व राजनीति विषय में दाखिले के लिए बेस्ट फोर में इतने 84.50 फीसद अंक चाहिए। वहीं बीए वैश्विक अध्ययन में 81.25, बीए सामाजिक विज्ञान व ह्यूमेनिटीज में 81.25 फीसद अंकों की जरूरत है। वहीं बीए सतत शहरीकरण में दाखिले के लिए 71% अंक चाहिए। वहीं पांचवीं कटऑफ लिस्ट के आधार पर दाखिले के लिए छात्र विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपने प्रमाणपत्रों को आठ नवंबर सुबह 10 बजे से नौ नवंबर रात 12 बजे से पहले तक अपलोड करके आवेदन कर सकते हैं। साथ ही फीस जमा करने की अंतिम तिथि 11 नवंबर रात 12 बजे से पहले तक है। जिन छात्रों के प्रमाणपत्रों का सत्यापन होने के बाद दाखिले का आवेदन स्वीकार हो जाएगा वे फीस जमा कर सकेंगे। इसके साथ ही कुछ पाठ्यक्रमों में आरक्षित वर्ग की विभिन्न श्रेणियों की अधिकतर सीटें फुल होने के कारण विद्यार्थियों की उन श्रेणियों और पाठ्यक्रमों में दाखिले की उम्मीद खत्म हो चुकी है।

11 तक करें फीस जमा

अंबेडकर विश्वविद्यालय

- **बीए अंग्रेजी, अर्थशास्त्र बीबीए पाठ्यक्रमों को छोड़ अन्य की लिस्ट जारी**
- **आज रात 12 बजे से पहले तक छात्र विवि के पोर्टल पर दस्तावेज कर सकेंगे अपलोड**

TE 9
AMERA